लाभेश आत्मजयुते बहुद्रव्यस्य नायकः ॥ ८ ॥

भाषा—पञ्चमस्थान शनिक्षेत्र (मकर, कुम्भ) में पड़े, उसमें शनि बैठा हो और शनि लाभेश से युत होतो बहुत द्रव्यका स्वामी होता है ॥ ८ ॥

पञ्चमे तु गुरुक्षेत्रे तस्मिन् गुरुयुते यदि।
लाभे सचन्द्रसौम्ये तु बहुद्रव्यस्य नायकः ॥ ९ ॥

भाषा—पञ्चमस्थान अगर गुरु के क्षेत्र (धनु, मीन) में पड़े, उसमें गुरु बैठा हो और एगारहवे भाव में चन्द्रमा सहित बुध होतो बहुत द्रव्यका नायक होता है ॥ ९ ॥

पञ्चम तु शशिक्षेत्रे तस्मिन् शशियुते यदि।
लाभे भौमेन संयुक्ते बहुद्रव्यस्य नायकः ॥ १० ॥

भाषा—पञ्चमस्थान चन्द्रमा के क्षेत्र (कर्क) में पड़े, उसमें चन्द्रमा हो और एगारहवे भाव मङ्गल से युत होवे तो बहुत द्रव्य का नायक होता है ॥ १० ॥

अथायुतधनान्वितयोगमाह—

भानुक्षेत्रे गते लग्ने तस्मिन् भानौ युते यदि।

यदि भौमेन गुरुणा दृष्टे स्यादयुतैर्धनैः ॥ ११ ॥

भाषा—सूर्यके घर (सिंह राशी) लग्न में पड़े, उसमें सूर्य बैठा हो, मङ्गल और बृहस्पति इन दोनों से देखा जाता हो तो अयुत प्रमाण (१०००) धन (द्रव्य) से धनी होता है ॥ ११ ॥

अथ धनयशोर्चितयोगानाह—

चन्द्रक्षेत्रे गते लग्ने तस्मिन् चन्द्रगते यदि ।
जीवभौमयुते दृष्टे जातो धनयशोर्चितः ॥ १२ ॥

भाषा—चन्द्रक्षेत्र (कर्क) गत लग्न हो, उसमें चन्द्रमा बैठा हो, बृहस्पति और मङ्गल से युत हो या देखा जाता होतो बालक धन और यश से पूजित होता है ॥ १२ ॥

भौमक्षेत्रे गते लग्ने तस्मिन् भौमेन संयुते ।
गुरुचन्द्रयुते दृष्टे जातो धनयशोर्चितः ॥ १३ ॥

भाषा—मङ्गल के क्षेत्र (मेष, वृश्चिक) लग्न में होवे, उस में मङ्गल होवे तथा बृहस्पति और चन्द्रमा से युत या देखा जाता हो तो जातक धन यश से पूजित होता है ॥ १३ ॥

बुधक्षेत्रगते लग्ने तस्मिन् सौम्ययुते यदि ।
गुरुचन्द्रयुते दृष्टे जातो धनयशोर्चितः ॥ १४ ॥

भाषा—बुधके घर (मिथुन, कन्या) में लग्न हो, उस में बुध हो, और बृहस्पति, चन्द्रमा से युत हो या देखा जाता हो तो जातक धन यश से पूजित होता है ॥ १४ ॥

अथ धनयशोऽन्वितयोगानाह—

शुक्रक्षेत्रगते लग्ने तस्मिञ्छुक्रेण संयुते ।
शनिसौम्ययुते दृष्टे जातो धनयशोऽन्वितः ॥ १५ ॥

भाषा—शुक्रक्षेत्र (वृष, तुला) लग्न में हो, उस में शुक्र बैठा हो, शनि और बुध से युत हो या देखा जाता होतो जातक धन यश से युत होता है ॥ १५ ॥

शनिक्षेत्रगते लग्ने तस्मिञ्छनियुते यदि ।
बुधशुक्रयुते दृष्टे जातो धनयशोऽन्वितः ॥ १६ ॥

भाषा—शनि क्षेत्र (मकर, कुम्भ) लग्न में हो, उस में शनि बैठा हो, बुध, शुक्र. से युत या देखा जाता हो तो जातक धन यश से युत होता है ॥१६॥

इति जरिसो निवास्यच्युतानन्दीयमध्यपाराशरीटीकायां द्वितीयः परिच्छेदः ।

अथ तृतीयः परिच्छेदः ।

अथ दरिद्रयोगप्रस्तावनामाह—

अथापरं प्रवक्ष्यामि दारिद्र्यं दुःखकारणम् ।
क्रूरखेटादियोगैश्च दारिद्र्यं सम्भवेन्नृणाम् ॥ १ ॥

भाषा—अब इसके बाद दुःख के निदान भूत दरिद्र योग को कहता हूं । पापग्रहादि के योग से मनुष्यों को दरिद्र योग होता है ॥ १ ॥

अथ कष्टदायकग्रहानाह—

ये ये ग्रहा धर्मपबुद्धिपाभ्यां युक्ता न दृष्टा बहुदुःखदास्ते ।
रन्ध्रेश्वरारिव्ययपैर्युता ये व्ययप्रदा मारकनायकेन ॥ २ ॥

भाषा—जो जो ग्रह नवमेश और पञ्चमेश से न युत हों, न देखे जाते हों वे सब ग्रह बहुत दुःख देने वाले होते हैं । तथा जो जो ग्रह अष्टमेश, रोगेश, व्ययेश और मारकेश से युत हों वे मृत्यु को देने वाले होते हैं ॥ २ ॥

अथ निधनयोगमाह—

लग्नाधिपे रिष्फगते रिष्फेशे लग्नमागते ।
मारकेशयुते दृष्टे जातस्य निधनं वदेत् ॥ ३ ॥

भाषा—लग्नेश बारहवे भाव में हो, बारहवे भाव का स्वामी लग्न में हो, मारकेश (द्वितीयेश, सप्तमेश) से युत हो या देखा जाता हो तो जातक को निधन (मरण) कहना चाहिए ॥ ३ ॥

अथ निर्धनयोगानाह—

लग्नाधिपे शत्रुगृहे गते वा षष्ठेश्वरे लग्नगतेऽथवास्ते।
विलग्नपे मारकनाथदृष्टे जातो भवेन्निर्धनको मनुष्यः ॥ ४ ॥

भाषा—लग्नेश शत्रुगृह में हो, या षष्ठेश लग्न या सप्तम भवन में हो, लग्नेश मारकेश से देखा जाता हो तो जातक निर्धन होता है ॥ ४ ॥

लग्नेन्दौ केतुसंयुक्ते लग्नेशे निधनं गते।
मारकेशयुते दृष्टे जातः स्यान्निर्धनो नरः ॥ ५ ॥

भाषा—लग्न, चन्द्रमा केतु से युक्त हो, लग्नेश अष्टम में हो मारकेश से युत या दृष्ट हो तो जातक निर्धन होता है ॥ ५ ॥

अथ राजवंशोद्भवस्यापि निर्धनयोगमाह—

षष्ठाष्टमव्ययगते लग्नेशे पापसंयुते।
मारकेशयुते दृष्टे राजवंशेऽपि निर्धनः ॥ ६ ॥

भाषा—लग्नेश पापयुत होकर षष्ठ, अष्टम, व्यय इन तीनों स्थानों में से किसी स्थानमें हो मारकेश से युत या देखा जाता हो तो राजवंश में उत्पन्न हुआ भी लड़का निर्धन होता है ॥ ६ ॥

अथ दरिद्रयोगमाह—

विलग्ननाथे रविणा सरिष्फनाथेन युक्ते यदि पापदृष्टे।
मित्रात्मजे नाथयुतेऽथ दृष्टे शुभैर्न दृष्टे स भवेद्दरिद्रः ॥ ७ ॥

भाषा—रवि और व्ययेश से युत लग्नेश अगर पापग्रह से देखा जाता हो, शनि लग्नेश से युत हो या देखा जाता हो और अन्य किसी भी शुभ ग्रह से न देखा जाता हो तो जातक निर्धन होता है ॥ ७ ॥

अथ निर्धनयोगमाह—

मन्त्रेशो धर्मनाथश्च षष्ठे वा खे स्थितौ क्रमात्।
दृष्टौ चेन्मारकेशेन जातः स्यान्निर्धनो नरः ॥ ८ ॥

भाषा—पञ्चमेश और नवमेश क्रमसे छठे, दशवे स्थान में हो, अगर मारकेश से देखा जाता हो तो जातक निर्धन होता है ॥ ८ ॥

अथ निर्धनचञ्चलयोगानाह—

यद्भावेशे रन्ध्ररिष्फारिसंस्थे यद्भावस्था रन्ध्ररिष्फारिनाथाः
पापैर्दृष्टा वा युतास्तस्य नाशं दुःखाक्रान्तो निर्धनश्चञ्चलः स्यात्॥९॥

भाषा—जिस भाव का स्वामी आठवे, बारहवे और छठे स्थान में हो और अष्टमेश, व्ययेश और रोगेश जिस भाव में हो, पापग्रह से युत या दृष्ट हो उस भाव का नाश होता है, और जातक दुःख युक्त निर्धन और चञ्चल होता है॥९॥

अथ पुनर्निर्धनयोगानाह—

चन्द्राक्रान्तनवांशेशो मारकेशयुतो यदि ।
मारकस्थानगो वापि जातःस्यान्निर्धनो नरः ॥ १० ॥

भाषा—जिसनवांश में जन्म हो उस नवांश का स्वामी चन्द्रमा से युक्त हो या मारक स्थान (७, २) में गत हो तो जातक निर्धन होता है ॥ १० ॥

पापग्रहे लग्नगते भाग्यकर्माधिपौ विना ।
मारकेशयुते दृष्टे जातः स्यान्निर्धनो नरः ॥ ११ ॥

भाषा—लग्न में पापग्रह बैठा हो पर वह पापग्रह नवमेश या दशमेश न हो और मारकेश से युत दृष्ट होतो बालक निर्धन होता है ॥ ११ ॥

विलग्नेशनवांशेशो रिष्फषष्ठाष्टगो यदि ।
मारकेशयुतो दृष्टो जातस्यान्निर्धनो नरः ॥ १२ ॥

भाषा—लग्नेश और नवांशेश अगर बारहवे, आठवे, या छठे स्थान में हो मारकेशसे युत हो या देखा जाता होतो जातक निर्धन होता है ॥ १२ ॥

अथ धननाशकमहावित्तकारकयोगावाह—

धने संस्थौ च भामन्दू कथितौ धननाशकौ ।
बुधेक्षितौ महावित्तं कुरुतस्तद्गतः शनिः ॥ १३ ॥

भाषा—मङ्गल और चन्द्रमा धन (२) स्थान में हों तो धन नाश करते हैं। यदि धनस्थान गत मङ्गल और चन्द्रमा बुध से देखे जाते हों तो बहुधन देते हैं। धनगत शनि भी बहुत धन देता है ॥ १३ ॥

अथ निःस्वतायोगं महाधनयुतयोगञ्चाह—

निःस्वतां कुरुते तत्र रविर्नित्यं यमेक्षितः ।
महाधनयुतं ख्यातं शन्यदृष्टः करोत्यसौ ॥ १४ ॥

भाषा—धन भाव गत रवि शनि से देखा जाता हो तो जातक को निर्धन करता है। अगर धनगत रवि शनि से न देखा जाता हो तो जातक को बहुत धन से युत, विख्यात करता है ॥ १४ ॥

अथ पुनर्निर्धनयोगमाह—

धनभावगताः सौम्याः कुर्वन्त्येव धनं बहु ।
बुधदृष्टो गुरुस्तत्र निर्धनं कुरुते नरम् ॥ १५ ॥

भाषा—सब शुभग्रह धन भाव में बैठे हों तो जातक को बहुत धन देते हैं। अगर धन भाव गत बृहस्पति, बुध से देखा जाता हो तो मनुष्य को निर्धन करते हैं ॥ १५ ॥

बुधश्चन्द्रेक्षितस्तत्र सर्वस्वं हन्ति निश्चितम् ।
एतद्धि विबुधैश्चिन्त्यं बलाबलविचारतः ॥ १६ ॥

भाषा—धन भाव गत बुध चन्द्रमा से देखा जाता हो तो सब धन को नाश करता है। ग्रहों का बलाबल पहले विचार कर इन योगों का पण्डित विचार करे ॥ १६ ॥

इति जसिसो निवासयच्युतानन्दीयमध्यपाराशरीटीकायां तृतीयः परिच्छेदः ।

अथ चतुर्थः परिच्छेदः ।

तत्र प्रस्तावनामाह—

वक्ष्येऽहं सारमुद्धृत्य ज्योतिःशास्त्राम्बुधेस्ततः ।
दशाः सौख्यप्रदा नृणां ग्रहाणां दृष्टियोगतः ॥ १ ॥

भाषा—अब इस के बाद ज्योतिःशास्त्र रूपी समुद्र से सार वस्तु को निकाल कर मनुष्यों को ग्रहों के दृष्टि योग से सौख्य प्रदा दशा को कहता हूँ ॥१॥

अथ सूर्यादिमहादशावर्षसङ्ख्यामाह—

तनुनित्यसनादेयास्तया धान्यासटासना ।
नरेति संख्या विज्ञेयाः क्रमात्सूर्यादिवत्सराः ॥ २ ॥

भाषा—इस श्लोक से सूर्यादि ग्रहों की महादशा वर्ष संख्या जानने के लिये जैमिनि सूत्र के अनुसार व्यञ्जन वर्णका ही निवेश किये हैं । क, ट, प, य इत्यादि वर्णों से एकादि संख्या ग्रहण करना चाहिए । जैसे क से एक, ख से दो, ग से तीन इत्यादि झ पर्य्यन्त नव संख्या ग्रहण करना चाहिए । इसी तरह ट से एक, ठ से दो, ड से तीन इत्यादि ध पर्य्यन्त नव संख्या, प से म तक एकादि पाँच संख्या और य से ह तक एक से आठ तक संख्या ग्रहण करते हैं । यहाँ न को शून्य और हलन्त व्यञ्जन तथा स्वर को पद्य पूरणार्थ जानना चाहिए ।

अतः तनु = ०६, नित्य = १०, सना = ०७, देया = १८, तया = १६, धान्या = १९, सटा = १७, सना = ०७, नर = २० ये सूर्यादि ग्रहों के महादशा वर्ष हैं ॥ २ ॥

अथान्तर्दशानयनमाह—

स्वदशा रामगुणिता तद्दशा गुणिता पुनः ।
खरामभागतो लब्धं फलं मासादिकं भवेत् ॥ ३ ॥

भाषा—अपनी दशा को तीन से गुणा कर गुणन फल को जिस ग्रहकी अन्तर्दशा लानी हो उस की अन्तर्दशा से गुणा करे ३० का भाग देवे लब्धि मासादिक अन्तर्दशा होती है ॥ ३ ॥

अन्तर्दशां विनिष्कृष्य स्वदशासंगुण्य यत्नतः ।
युगेन विभजेल्लब्धं दिनं तत्तद्दशाफलम् ॥ ४ ॥
स्वगुणेन हृताल्लब्धमन्तरान्तर्दशा भवेत् ।
एवं सूक्ष्मदशां ज्ञात्वा तथा प्राणदशामपि ॥ ५ ॥

भाषा—पूर्व प्रकार से अन्तर्दशा को निकाल कर के दिनात्मक बनावे, उस को अपने अपने महादशा वर्ष से गुणाकर चारका भाग देवे, जो लब्धि आवे

उस में फिर ३० का भाग देने से लब्धि दिनादि अन्तरान्तर्दशा होती है।

इस प्रकार से उपदशा का ज्ञान करके प्राण दशा का ज्ञान करे ॥ ४-५ ॥

अथ दशाफलप्रस्तावनामाह—

आहुः शुभाशुभफलं नृणां कालविदो जनाः ।
एतत्कृते निर्णयिते ह्यायुषो निश्चयो भवेत् ॥ ६ ॥

भाषा—दशा के निर्णय करके काल को जान ने वाले पण्डित लोग मनुष्यों को शुभा शुभ फल को कहते हैं। और इसी निर्णय पर से आयुका भी निश्चय हो जाता है ॥ ६ ॥

अथ दशाफलान्याह—

पञ्चमेशदशायां तु धर्मपस्य दशा तु या ।
अतीव शुभदा प्रोक्ता कालविद्भिर्मुनीश्वरैः ॥ ७ ॥

भाषा—पञ्चमेश की महादशा में नवमेश की अन्तर्दशा अत्यन्त शुभ देने वाली है। ऐसा काल को जान ने वाले मुनीश्वरों ने कहा है ॥ ७ ॥

समन्त्रनाथस्य तपोधिपस्य दशा शुभा राज्यसुतप्रदा स्यात् ।
सकीर्त्तिनाथस्य सुखेश्वरस्य दशा तथा प्राहुरुदारचित्ताः ॥८॥

भाषा—पञ्चमेश से युत नवमेश की महादशा शुभदा और राज्य, पुत्र देने वाली है। तथा पञ्चमेश से युत चतुर्थेश की दशा उसी तरह फल देती है। ऐसा उदार चित्त वाले पण्डितों ने कहा है ॥ ८ ॥

पञ्चमेशेन युक्तस्य ग्रहस्य शुभदा दशा ।
तथा धर्मपयुक्तस्य दशा परमशोभना ॥ ९ ॥

भाषा—पञ्चमाधीश से युत जो ग्रह हो उस की दशा शुभ देने वाली है। इसी तरह नवमेश से युत ग्रह की दशा भी होती है ॥ ९ ॥

पापदृष्टस्य खेटस्य दशा हानिकरा मता ।
शुभयुक्तस्य खेटस्य दशा द्रव्यप्रदा भवेत् ॥ १० ॥

भाषा—पाप ग्रह से जो ग्रह देखा जाता हो उस की दशा हानि करती है। शुभग्रह से युक्त ग्रह की दशा द्रव्य को देती है ॥ १० ॥

सपञ्चमेशलग्नेशदशा राज्यप्रदायिनी ।
तथा धर्मपयुक्तस्य लग्नपस्य दशा मता ॥ ११ ॥

भाषा—पञ्चमेश से युक्त लग्नेश की दशा राज्य को देती है । और धर्मेश से युत लग्नेश की भी दशा फल भी इसी तरह पण्डितों ने स्वीकार किया है ॥ ११ ॥

सपञ्चमेशस्य तपोधिपस्य दशा भवेद्राज्यसुखार्थलाभदा ।
तथैव मानाधिपसंयुतस्य सुतेश्वरस्यापि दशा शुभा स्यात्॥१२॥

भाषा—पञ्चमेश से युत नवमेश की दशा राज्य, सुख, अर्थ लाभ को देती है । नवमेश से युत पञ्चमेश की दशा भी इसी तरह शुभ करती है ॥१२॥

पञ्चमेशेन युक्तस्य मानेशस्य दशा शुभा ।
सुखेशसहितस्यापि धर्मेशस्य दशा शुभा ॥ १३ ॥

भाषा—पञ्चमेश से युत नवमेश की दशा शुभ है । और चतुर्थेश से सहित नवमेश की भी दशा शुभ है ॥ १३ ॥

तथा शुभस्थानगमानपस्य तथैव मानार्थसुखप्रदा स्यात् ।
दशा नृणां सौख्यकरी भवेद्धि सुखेशयुक्तस्य च मानपस्य॥१४॥

भाषा—नवम भाव स्थित नवमेश की दशा इसी तरह मान, अर्थ और सुख को देती है । चतुर्थेश से युत नवमेश की दशा मनुष्यों को निश्चय कर के सुख देने वाली होती है ॥ १४ ॥

षष्ठस्य सप्तमस्यैको नायको मानराशिगः ।
दशा तस्य शुभा ज्ञेया तथा तेन युतस्य च ॥ १५ ॥

भाषा—षष्ठस्थान और सप्तम स्थान इन दोनों में से किसी एक स्थान का स्वामी नवम स्थान में हो तो उसकी दशा भी शुभ होती है । इसी तरह नवमेश से युत षष्ठेश या सप्तमेश होतो फल जानना चाहिए ॥ १५ ॥

एको द्विसप्तमस्थाननायको यदि सौख्यगः ।
तेन युक्तदशा ज्ञेया शुभदाऽऽहुर्मनीषिणः ॥ १६ ॥

भाषा—दूसरा और सप्तमस्थान में से किसी एक का स्वामी चतुर्थ भाव में

होकर जिस से युक्त हो उस ग्रह की दशा शुभ देने वाली है । ऐसा महर्षियों ने कहा है ॥ १६ ॥

षष्ठाष्टमव्ययार्थीशाः पञ्चमाधिपसंयुताः ।
तेषां दशा च शुभदा प्रोच्यते कालवित्तमैः ॥ १७ ॥

भाषा—षष्ठेश, अष्टमेश और व्ययेश यदि पञ्चमेश से युत हो तो उन की दशा काल को जान ने वाले पण्डितों ने शुभ कही है ॥ १७ ॥

सुखेशो मानभावस्थो मानेशः सुखराशिगः ।
तयोर्दशां शुभमाहुर्ज्यौतिश्शास्त्रविदो जनाः ॥ १८ ॥

भाषा—चतुर्थेश दशम भाव में, दशमेश सुखभाव में हो तो इन दोनों की दशा ज्यौतिःशास्त्र को जान ने वाले पण्डित लोग शुभ कहते हैं ॥ १८ ॥

सुखेशमानेशसुतेशधर्मपा एकत्र युक्ता यदि यत्र कुत्र ।
तेषां दशा राज्यफलप्रदास्तैर्युक्तग्रहाणामपिदृग्युतैर्वा ॥ १९ ॥

भाषा—चतुर्थेश, दशमेश, पञ्चमेश और नवमेश जहां कहीं सब एक साथ वैठे हों तो इन सब ग्रहों की दशा राज्यफल को देती है । और इन चारो ग्रहों से युक्त या देखे जाते जो ग्रह हों उनकी दशा भी शुभ है ॥ १९ ॥

वाहनस्थानसंयुक्तमन्त्रनाथदशा शुभा ।
सुखराशिस्थकर्मेशदशा राज्यप्रदायिनी ॥ २० ॥

भाषा—पञ्चमेश चतुर्थभाव में हो तो उसकी दशा शुभ है । और दशमेश चतुर्थभाव में हो तो उसकी दशा राज्य को देती है ॥ २० ॥

ताभ्यां युक्तस्य खेटस्य दृष्टियुक्तस्य चैतयोः ।
राज्यप्रदां दशामाहुर्विद्वांसो दैवचिन्तकाः ॥ २१ ॥

भाषा—कर्मेश और मन्त्रेश इन दोनों से जो ग्रह युत और जो ग्रह देखा जाता हो उन दोनों की दशा राज्य देने वाली है । ऐसा दैव को जानने वाले पण्डितों ने कहा है ॥ २१ ॥

कर्मस्थानस्थबुद्धीशदशा सम्पत्करी भवेत् ।

मानस्थिततपोधीशदशा राज्यप्रदायिनी ॥ २२ ॥

भाषा—दशम भाव में स्थित पञ्चमेश की दशा सम्पत्ति को करती है। दशम भावस्थित नवमेश की दशा राज्य को देती है ॥ २२ ॥

इति जरिसो निवास्यच्युतानन्दविरचितायां मध्यगाराशरीटीकायां चतुर्थः परिच्छेदः।

अथ पञ्चमपरिच्छेदः ।

अथ पञ्चविधां दशामाह—

अथ वक्ष्ये खगेन्द्राणां भुक्तिं पञ्चविधामहम् ।
दशा चान्तर्दशा चैव ततोऽपि विदशा तथा ॥ १ ॥

भाषा—स्पष्टम् ॥ १ ॥

अथ दशाशुभाशुभत्वमाह—

सूक्ष्मभुक्तिः प्राणदशा एवं पञ्चदशाः स्मृताः ।
लग्नेशे स्वनवांशस्थे तस्य भुक्तिः शुभावहा ॥ २ ॥
स्वद्वादशांशके लग्ननाथे वा स्वदृक्काणगे ।
तस्य भुक्तिः शुभामाहुः यवनाः कालवित्तमाः ॥ ३ ॥

भाषा—लग्नेश अपने नवांश में स्थित हो तो उसकी दशा शुभ करने वाली होती है। लग्नेश अपने द्वादशांश में या अपने द्रेष्काण में हो तो काल के जानने वाले यवन लोग उसकी दशा शुभ दायिनी कहते हैं ॥ २-३ ॥

अथ पुनस्तदेवाह—

स्वत्रिंशांशे तथा मित्रत्रिंशांशेऽवस्थितो यदि ।
तस्य भुक्तिः शुभा प्रोक्ता कालविद्भिर्मुनीश्वरैः ॥ ४ ॥
मित्रक्षेत्रनवांशस्थे मित्रस्य द्विरसांशके ।
तस्य भुक्तिः शुभा प्रोक्ता कालविद्भिर्मुनीश्वरैः ॥ ५ ॥

भाषा—जो ग्रह मित्र के घर, मित्र के नवांश, या मित्र के द्वादशांश में

स्थित हो उसकी दशा शुभ है, यह काल के जानने वाले मुनीश्वर लोग कहते हैं॥५॥

बुद्धिक्षेत्रनवांशस्थे पुत्रस्य द्विरसांशके।
मित्रद्रेष्काणगे वापि तस्य भुक्तिः शुभावहा ॥ ६ ॥

भाषा—पञ्चमभाव में या पञ्चम भाव के नवांश में या पञ्चम भाव के द्वादशांश में या मित्र के द्रेष्काण में गत जो ग्रह उसकी दशा शुभ देने वाली होती है ॥ ६ ॥

तपोराशिनवांशस्थे धर्मस्य द्विरसांशके।
गुरुद्रेष्काणगे वापि तस्य भुक्तिः शुभावहा ॥ ७ ॥

भाषा—नवमराशि के नवांश में, या नवम भाव के द्वादशांश में या बृहस्पति के द्रेष्काण में जो ग्रह हो उसकी दशा शुभ करने वाली होती है ॥७॥

सुखराशिनवांशस्थे वाहनद्विरसांशके।
सुखद्रेष्काणगे वापि तस्य भुक्तिः शुभावहा ॥ ८ ॥

भाषा—चतुर्थराशि के नवांश में या चतुर्थ भाव के द्वादशांश में या सुख भाव के द्रेष्काण में जो ग्रह हो उसकी दशा शुभ होती है ॥ ८ ॥

विलग्ननाथस्थितभांशनाथे मित्रांशके मित्रग्रहेण दृष्टे।
सुहृद्दृकाणस्य नवांशके वा तदास्य भुक्तिः शुभदां वदन्ति ॥९॥

भाषा—लग्नेश जिस राशि में बैठा हो उसके स्वामी के नवांश में या मित्र के नवांश में हो, मित्र ग्रह से देखा जाता हो या मित्र के द्रेष्काण पति के नवांश में जो ग्रह बैठा हो उसकी दशा शुभ होती है ॥ ९ ॥

अथ कष्टप्रदां दशामाह—

अथ वक्ष्ये विशेषेण दशा कष्टप्रदा नृणाम्।
षष्ठाष्टमव्ययेशानां दशा कष्टप्रदायिनी ॥ १० ॥

भाषा—अब इसके बाद कष्ट देने वाली दशा को कहता हूं। षष्ठेश, अष्टमेश, और व्ययेश इनकी दशा कष्ट देने वाली होती हैं ॥ १० ॥

अथ ज्वरप्राप्तिदशामाह—

मारकेशेन षष्ठेशे युक्ते लग्नाधिपे तथा।

तस्य भुक्तौ ज्वरप्राप्तिः प्राहुः कालविदो जनाः॥ ११॥

भाषा—मारकेश से युक्त षष्ठेश की दशा में ज्वर होता है। ऐसा कालज्ञों ने कहा है॥ ११॥

अथाजीर्णजलदोषमरणदशामाह—

सरोगेशः शरीरेशश्चन्द्रषड्वर्गगो यदि।

जलदोषः तस्य भुक्तौ स्यादजीर्णो न संशयः॥ १२॥

भाषा—षष्ठेश से युत लग्नेश चन्द्रमा के षड्वर्ग में गत हो तो उसकी दशा में जल दोष और अजीर्ण होता है। इसमें संशय नहीं॥ १२॥

अथ वातदोषकारकदशामाह—

षष्ठेशयुक्तलग्नेशो बुधषड्वर्गगो यदि।

तस्य भुक्तौ भवेद्वायुः वातो वा देहजाड्यकृत्॥ १३॥

भाषा—षष्ठेश से युक्त लग्नेश बुध के षड्वर्ग में गत हों तो उस की दशा में वायु का प्रकोप होता है, या देह को दुर्बल करने वाला वातरोग होता है॥१३॥

अथ ब्राह्मणेन पीडाकरणदशामाह—

सारिनाथविलग्नेशो गुरुषड्वर्गगो यदि।

तस्य भुक्तौ भवेद्रोगः पीडा वा ब्राह्मणेन तु॥ १४॥

भाषा—अगर षष्ठेश से युत लग्नेश बृहस्पति के षड्वर्ग में हो तो उसकी दशा में रोगी और ब्राह्मणों से पीडा होती है॥ १४॥

अथ स्त्रीगमनेन रोगकरणदशामाह—

सषष्ठेशो विलग्नेशो भृगुषड्वर्गगो यदि।

तस्य भुक्तौ भवेत् पीडा रोगः स्त्रीसङ्गमेन च॥ १५॥

भाषा—अगर षष्ठेश से युत लग्नेश शुक्र के षड्वर्ग में गत हो तो उसकी दशा में पीडा, और स्त्री के सङ्गम से रोग होता है॥ १५॥

अथ सन्निपातकरणदशामाह—

सरोगेशो विलग्नेशः शनिषड्वर्गगो यदि।
तस्य भुक्तौ भवेद्वातः सन्निपातोऽथवा नृणाम् ॥ १६ ॥

भाषा—अगर षष्ठेश से समन्वित लग्नेश शनि के षड्वर्ग में गत हो तो उसकी दशा में वात रोग और सन्निपात मनुष्यों को होता है ॥ १६ ॥

अथ शस्त्रघातादिकारकदशामाह—

लग्नेशरोगेशकयोर्भवेन्मारकभुक्तिषु।
तदा ज्ञेयं महत्कष्टं शस्त्रघातादिकं भयम् ॥ १७ ॥

भाषा—लग्नेश और रोगेश की महादशा में मारकेश की अन्तर्दशा में बड़े भारी कष्ट और शस्त्रघातादिक का भय होता है ॥ १७ ॥

अथ रोगकरणदशामाह—

मृतौ स्थिताः सैंहिककेतुमन्दमहीसुताः स्वासविसूचिकाभिः।
रोगो नराणामथ तस्य भुक्तौ भवेद्यदा मारकसंयुतिश्चेत् ॥ १८ ॥

भाषा—अष्टम भाव में राहु, केतु, शनि और मङ्गल स्थित हों तो उनकी महादशा में मारकेश की अन्तर्दशा में स्वास, विसूचिका रोग होता है ॥ १८ ॥

अथ पुनर्दशाफलप्रस्तावनामाह—

एवं भ्रात्रादिभावानां नायको यत्र संस्थितः।
तत्तत्षड्वर्गयोगेन तत्तद्भावफलं वदेत् ॥ १९ ॥

भाषा—इसी तरह भ्रात्रादिभावों का स्वामी जिस भाव में स्थित हो उस भावके पतिके षड्वर्ग योग से उस भाव का फल कहना ॥ १९ ॥

अथ मृत्युकृद्दशामाह—

लग्नेशरोगनाथौ च निधनेशेन संयुतौ।
मारकेशयुतौ क्रूरौ रोगनाथांशगौ यदा ॥ २० ॥
तस्य भुक्तौ विजानीयाद्व्यथा शस्त्रेण वा नृणाम्।
शुभयोगेन बाधा स्यात्पापयोगेन मृत्युकृत् ॥ २१ ॥

भाषा—पापी लग्नेश और षष्ठेश, अष्टमेश से युत हो, या मारकेश से युत हो, या षष्ठेश के नवांश में हो तो उसके दशा में मनुष्यों को शस्त्र से व्यथा कहना चाहिए। अगर शुभग्रह से युत हो तो कुछ भय नहीं। पापग्रह के योग होने से मृत्यु होती है ॥ २०–२१ ॥

जीवांशजीववर्गेशान्मूलांशान्मूलवर्गतः ।
रोगादीन्प्रवदेत्तत्र तेषां भुक्तिवशात्फलम् ॥ २२ ॥

भाषा—स्पष्ट है ॥ २२ ॥

अथ जम्बुकभीतितो वधकरणदशामाह—

विलग्ननाथस्य नवांशनाथो रन्ध्रेशस्वस्थानपदृष्टियुक्तौ ।
मेषस्य षड्वर्गगतौ यदा तौ भुक्तौ तयोर्जम्बुकभीतितो वधः॥२३॥

भाषा—लग्नेश का जो नवांश हो उसके स्वामी अष्टमेश और जिस स्थान में बैठा हो उसके जो स्वामी इन दोनों से देखा जाता हो और मेष के षड्वर्ग में गत हो तो इन दोनों के दशामें सियार का भय होता है ॥ २३ ॥

ओजवर्गगतौ तौ चेद्व्याघ्राद्भीतिं वदेन्नृणाम् ।
युग्मवर्गगतौ तौ चेत्कपिना नात्र संशयः ॥ २४ ॥

भाषा—अगर वे दोनों विषमराशिके वर्ग में गत हों तो व्याघ्र से भय कहना। यदि समराशि के वर्ग में गत हों तो वानर से भय कहना चाहिए ॥ २४ ॥

अथान्यामपि भयदां दशामाह—

कुलीरवर्गगतौ तौ चेद्रासभाद्भयमादिशेत् ।
सिंहवर्गगतौ तौ चेद्भुक्तौ स्याद्व्याघ्रजं भयम् ॥ २५ ॥

भाषा—अगर वे दोनों कर्क के षड्वर्ग में गत हो तो उनके दशा में गदहे से भय होता है। सिंह के वर्ग में गत हों तो उनके दशा में बाघ से भय होता है २५

अलिवर्गगतौ भुक्तौ ययोः सारङ्गजं भयम् ।
अथ कार्मुकवर्गस्थौ भुक्तौ स्यादश्वजं भयम् ॥ २६ ॥

भाषा—वृश्चिक के वर्ग में हों तो उनकी दशा में मृगा से भय होता है। धनु के वर्ग में हो तो उन की दशा में घोड़े से भय होता है ॥ २६ ॥

कन्यावर्गगतौ तौ चेद्भल्लूकाद्भयमादिशेत्।
वणिग्वर्गगतौ तौ चेद्भुक्तौ तेषां मृगाद्भयम् ॥ २७ ॥

भाषा—कन्या के वर्ग मे गत हों तो भालू से भय होता है। तुला राशि के वर्ग में हों तो उनकी दशा में मृगा से भय होता है ॥ २७ ॥

मृगवर्गगतौ भुक्तौ तयोः कण्टकजं भयम्।
मीनवर्गगतौ भुक्तौ मेषाश्वग्रहजं भयम् ॥ २८ ॥

भाषा—मकर के वर्ग में गत हों तो कांटे से भय होता है। अगर वे दोनों मीन के वर्ग में गत हो तो मेढा, घोडा और ग्रह इन से उत्पन्न भय होता है ॥२८॥

कुम्भवर्गगतौ तौ चेद्गोलाङ्गूलान्महद्भयम्।
एवं देहादिभावानां षड्वर्गगतिभिः फलम् ॥ २९ ॥

भाषा—कुम्भ के वर्ग मे गत हों तो गोलाङ्गल से भय होता है। इस तरह लग्नादि भावों का षड्वर्ग की गति से फल जानना ॥ २६ ॥

अथ वृषघातान्मरणादां दशामाह—

लग्नेश्वरो रन्ध्रपतिश्च युक्तौ वृषे वृषांशे वृषभद्दकाणे।
स्थितौ भवेतां यदि वा वृषेण घातात्तयोर्वा मरणं हि भुक्तौ ॥३०॥

भाषा—लग्नेश और अष्टमेश दोनों एक स्थान स्थित होकर वृष राशि में या उसके नवांश में या उसके द्दकाण में स्थित हों तो उनकी दशा में वृष (बरद) से मनुष्य की मृत्यु होती है ॥ ३० ॥

वृषे युग्मांशगौ तौ चेद् व्याघ्रस्याघातजं भयम्।
वृषे कर्कांशगौ तौ चेद्धनुराद्यैः कल्पयेद्भयम् ॥ ३१ ॥

भाषा—वे दोनों वृष में स्थित होकर मिथुन के नवांश में हों तो उनकी दशा में बाघ के आघात जन्य भय होता है। अगर वृष राशि में बैठकर कर्कांश में गत हों तो उनकी दशा में धनुष आदि से भय कहना ॥ ३१ ॥

वृषे कन्यांशगौ तौ चेत् कपिना नात्र संशयः।
वृषे तुलांशगौ तौ चेद् व्याघ्रव्याघाततो मृतिः ॥ ३२ ॥

भाषा—यदि वृष में बैठकर कन्या के नवांश में हों तो उनकी दशा में वानर के आघात से भय कहना, अगर वृष राशि में बैठकर तुला में हों तो बाघ से भय कहना ॥ ३२ ॥

वृषे कौर्प्यांशगौ तौ चेदश्वात्पीडा प्रजायते ।
वृषे मृगांशगौ तौ चेन्माहिषेण मृतिर्भवेत् ॥ ३३ ॥

भाषा—अगर वृष राशि में स्थित होकर धनु के नवांश में हों तो उनकी दशा में घोड़े से भय कहना। यदि वृष राशि में स्थित होकर मकर के नवांश में गत हों तो उनकी दशा में महिष से भय कहना ॥ ३३ ॥

वृषे कुम्भांशगौ तौ चेद् गोलाङ्गूलान्मृतिर्भवेत् ।
वृषे मीनांशगौ तौ चेत्तयोर्भुक्तौ मृगाद्भयम् ॥ ३४ ॥

भाषा—यदि वृष राशि में स्थित होकर कुम्भ के नवांश में हों तो उनकी दशा में गोलाङ्गूल रोग से मरण कहना। अगर वृष राशि में स्थित होकर मीन के नवांश में हों तो उनकी दशा में हरिण से भय कहना चाहिए ॥ ३४ ॥

एवं सञ्चिन्त्य मतिमान् पित्रादीनां मृतिं वदेत् ॥ ३४½ ॥

भाषा—इस तरह निश्चय करके पिता माता इत्यादि का मरण कहना चाहिये ३४½

अथ सर्पान्मरणयोगमाह—

शरीरनाथो मरणाधिपेन युक्तो मृगेन्द्रे तु मृगाधिपांशाः ।
तयोर्विपाके भयमाखुना मृतिं सर्पात्तदा प्राहुरुदारचित्ताः ॥३५॥

भाषा—लग्नेश अष्टमेश से युत सिंह राशि में हो या मकर के स्वामी के नवांश में हो तो उन दोनों (लग्नेश और अष्टमेश) की दशा में मूस से भय और सर्प से मरण शास्त्रज्ञ उदार चित्त वाले ज्योतिषियों को कहना चाहिए ॥३५॥

अथ कप्यादिभिर्मरणयोगमाह—

सिंहे कन्यांशगौ तौ चेत्कपिना च तदा मृतिः ।
मृगराजे तुलांशस्थौ तयोर्भुक्तौ मृतिं वदेत् ॥ ३६ ॥

भाषा—लग्नेश और अष्टमेश सिंह राशि में होकर कन्या के नवांश में

गत हों तो उसकी दशा में वानर से मरण कहना चाहिए। अगर सिंह में बैठकर तुल के नवांश में गत हों तो उनकी दशा में किसी विशेष कारण से मरण कहना चाहिए ॥ ३६ ॥

अल्यंशगौ मृगेन्द्रे च तयोर्दाये सरीसृपात् ।
चापांशगौ यदा सिंहे तद्वर्षे श्वान्मृतिं वदेत् ॥ ३७ ॥

भाषा—अगर सिंह में बैठकर वृश्चिक के नवांश में हों तो उनकी दशा में साँप से मरण कहना चाहिए। जब वे दोनों सिंह में बैठकर धन के नवांश में गत हों तो उस वर्ष में कुत्ते से मरण कहना चाहिए ॥ ३७ ॥

मृगांशगौ मृगेन्द्रे च तयोर्दाये ज्वरान्मृतिः ।
कुम्भांशकगतौ तौ चेन्मृगराजे नृपाद्भयम् ॥ ३८ ॥

भाषा—सिंह में बैठकर मकर के नवांश में वे दोनों बैठे हों तो उनकी दशा में गदहे से मरण कहना चाहिए। अगर सिंह में बैठा हुआ वे दोनों कुम्भ के नवांश में हों तो उनकी दशा में राजा से भय कहना चाहिए ॥ ३८ ॥

मीनांशकगतौ सिंहे सारङ्गाद्भयमेतयोः ।
सिंहे मेषांशगौ तौ चेद्गोमायोर्भयमादिशेत् ॥ ३९ ॥

भाषा—अगर सिंह में बैठकर मीनांश में गत हों तो सारङ्ग (हाथी) (सारङ्गः पुंसि हरिणे चातके च मतङ्गज इति मेदिनी) से भय कहना चाहिये। अगर सिंह में बैठकर मेष के नवांश में गत हों तो गोमायु (सियार) (स्त्रियां शिवा भूरिमायगोमायुमृगधूर्त्तका इत्यमरः) से भय कहना चाहिए ॥ ३९ ॥

वृषांशगौ च सूर्यर्क्षे तयोर्दाये शुना मृतिः ।
युग्मांशगौ तौ सिंहे च गोलाङ्गूलाद्भयं तयोः ॥ ४० ॥

भाषा—अगर सूर्य के राशि (सिंह) में बैठकर वे दोनों वृष के नवांश में हों तो उनकी दशा में कुत्ते के काटने से मरण कहना चाहिए। अगर सिंह में बैठकर मिथुन के नवांश में हों तो उनकी दशा में गोलाङ्गूल से भय कहना चाहिए ॥४०॥

कर्कांशगौ तौ सिंहे तु ह्यग्निदाहान्मृतिं गृहे ।

एवं भ्रात्रादिभावानां तत्तद्भुक्तौ मृतिं वदेत् ॥ ४१ ॥

भाषा—अगर सिंह में बैठकर कर्क के नवांश में गत हों तो उनकी दशा में घर में अग्निदाह से मरण कहना चाहिए। इस तरह भाई आदि भावेश के दशा में भाई आदि का मरण कहना चाहिए ॥ ४१ ॥

अथ पुनर्वाजिकृतमरणयोगमाह—

देहाधिपो मृत्युपसंयुतश्च चापांशगौ कार्मुकराशिगौ चेत्।
दाये तयोर्वाजिकृतं च मृत्युं वदन्ति तत्कालविदो महान्तः॥४२॥

भाषा—लग्नेश, अष्टमेश से युत होकर धनु राशि में स्थित होकर धनु के नवांश में गत हों तो उनकी दशा में घोड़े से मरण कहना चाहिये। यह काल को जानने वाले बड़े लोग कहते हैं ॥ ४२ ॥

अथ धनुराशिस्थमकरादिनवांशगतयोस्तयोर्दशाफलमाह—

चापे मृगांशगौ तौ चेत्सारङ्गाद्भयमादिशेत्।
हये कुम्भांशगौ तौ चेद्वराहाद्भयमादिशेत् ॥ ४३ ॥

भाषा—लग्नेश और अष्टमेश धनुराशि में स्थित होकर मकर के नवांश में हों तो उनकी दशा में सारङ्ग (हाथी) से भय कहना चाहिए। अगर वे दोनों धनु राशि में बैठकर कुम्भ के नवांश में हों तो उसकी दशा में वराह (सूगर) से भय कहना चाहिए ॥ ४३ ॥

हये मीनांशगौ तौ चेत्पाके नक्राद्भयं भवेत्।
मेषांशगौ तौ चापे तु तयोर्दाये चतुष्पदात् ॥ ४४ ॥

भाषा—अगर धनु राशि में स्थित होकर मीन के नवांश में हों तो उनकी दशा में नक्र (गोह, नाक) से भय कहना चाहिए। अगर धनु राशि में स्थित होकर मेष के नवांश में स्थित हों तो उनकी दशामें चतुष्पद (घोड़ा, बैल, गदहा, हाथी इत्यादि) से भय कहना चाहिए ॥ ४४ ॥

हये वृषांशगौ तौ चेद्रासभाद्भयमादिशेत्।
युग्मांशगौ तु चापे तु वानराद्भयमादिशेत् ॥ ४५ ॥

भाषा—अगर धनु में स्थित होकर वृष के नवांश में गत हों तो उनकी दशा में गदहे से भय कहना चाहिए। अगर धनु में स्थित होकर मिथुन के नवांश में बैठा हों तो उन की दशा में बन्दर से भय कहना चाहिए ॥ ४५ ॥

कर्कांशगौ हयाङ्के तु चाखुना भयमेतयोः।
सिंहांशगौ हयाङ्के तु जम्बुकाद्भयमादिशेत् ॥ ४६ ॥

भाषा—अगर धनु राशि में बैठकर कर्क के नवांश में गत हों तो उन की दशा में मूसा से भय कहना चाहिए। अगर धनुराशि में स्थित होकर सिंह के नवांश में गत हों तो उनकी दशा में सियार से भय कहना चाहिए ॥ ४६ ॥

कन्यांशगौ तु चापे तु गोलाङ्गूलाद्भयं वदेत्।
तुलांशगौ हयाङ्के तु उष्ट्रान्मरणमेतयोः ॥ ४७ ॥

भाषा—अगर वे दोनों धनु राशि में स्थित होकर कन्या के नवांश में गत हों तो गोलाङ्गूल से भय कहना चाहिए। अगर धनु में स्थित होकर तुला के नवांश में गत हों तो उनकी दशा में ऊँट से भय कहना चाहिए ॥ ४७ ॥

अल्यंशगौ हयाङ्के तु तयोर्दाये सरीसृपात्।
एवं भ्रात्रादिभावानां फलमाहुर्मनीषिणः ॥ ४८ ॥

भाषा—अगर धनु में स्थित होकर वृश्चिक के नवांश में स्थित हों तो उनकी दशा में सर्प आदि से भय होता है। इस तरह भाई आदि भावेश वश से विद्वानों ने फल कहा है ॥ ४८ ॥

अथ मकरराशिस्थमकरादिनवांशगतयोस्तयोः फलमाह—

विलग्नपो नैधननायकश्च मृगे मृगांशावगतौ च युक्तौ।
प्रीतिर्भवेदाशु तयोर्हि भुक्तौ विवाहहेतुः प्रवदन्ति सन्तः ॥ ४९ ॥

भाषा—लग्नेश और अष्टमेश मकर राशि में गत होकर मकर के नवांश में गत हों तो उनकी दशा में शीघ्र विवाह के वास्ते प्रीति होती है, ऐसा विद्वानों ने कहा है ॥ ४९ ॥

कुम्भांशगौ मृगाङ्के च भल्लूकाद्भयमादिशेत्।

पांशगौ मृगाङ्के च सारङ्गाद्भयमेतयोः ॥ ५० ॥

भाषा—अगर मकर राशि में बैठकर कुम्भ के नवांश में हों तो उनकी दशा में भालू से भय कहना चाहिए। अगर मकर राशि में स्थित होकर मीन के नवांश में स्थित हों तो उनकी दशा में सारङ्ग (हाथी) से भय कहना चाहिये ॥ ५० ॥

मेषांशगौ मृगाङ्के तु जलाद्भयविनिर्दिशेत् ।
वृषांशगौ मृगास्ये तु वज्राद्भयविनिर्दिशेत् ॥ ५१ ॥

भाषा—अगर मकर में स्थित होकर मेष के नवांश में स्थित हों तो उनकी दशा में जल से भय कहना चाहिए। अगर मकर में स्थित होकर वृष के नवांश में स्थित हों तो वज्र से भय कहना चाहिए ॥ ५१ ॥

युग्मांशगौ मृगाङ्के तु हरिणान्मृतिरेतयोः ।
कर्कांशगौ मृगास्ये तौ तयोर्दाये मृतिर्गजात् ॥ ५२ ॥

भाषा—अगर मकर राशि में स्थित होकर मिथुन के नवांश में स्थित हों तो उनकी दशा में हरिण से मरण कहना चाहिए। अगर मकर राशि में स्थित होकर कर्क के नवांश में स्थित हों तो उनकी दशा में हाथी से मरण कहना चाहिए ॥ ५२ ॥

सिंहांशगौ मृगाङ्के तु महापातकजं भयम् ।
कन्यांशगौ मृगाङ्के तु वानराद्भयमादिशेत् ॥ ५३ ॥

भाषा—अगर मकर में बैठकर सिंह के नवांश में गत हों तो महापातक का भय कहना चाहिए। अगर मकर में स्थित होकर कन्या के नवांश में स्थित हों तो उनकी दशा में वानर से भय कहना चाहिए ॥ ५३ ॥

तुलांशगौ मृगास्ये तु नकुलान्मृतिरेतयोः ।
वृश्चिकांशगौ मृगास्ये तु मार्जारान्मृतिरादिशेत् ॥ ५४ ॥

भाषा—अगर मकर में स्थित होकर तुल के नवांश में स्थित हों तो उनकी दशामें नकुल (सपनौर) से भय कहना चाहिए। अगर मकर राशि में स्थित होकर वृश्चिक के नवांश में स्थित हों तो बिल्ली से भय कहना चाहिए ॥ ५४ ॥

धन्वंशगौ मृगास्ये तु रासभाद्भयमादिशेत् ।
एवं निश्चित्य मतिमान् पित्रादीनां फलं वदेत् ॥ ५५ ॥

भाषा—अगर मकर राशिमें स्थित होकर धनु के नवांश में गत हों तो गदहे से भय कहना चाहिए। इस तरह निश्चय करके पिता, माता, भाई इत्यादि का फल कहना चाहिए ॥ ५५ ॥

इति जरिखो निवास्यच्युतानन्दशर्मविरचितायां मध्यपाराशरी-
टीकायां पञ्चमः परिच्छेदः ।

अथ षष्ठपरिच्छेदः ।

अथ ग्रहाणां जातिभेदात्फलकथनार्थप्रस्तावनामाह—

अथ वक्ष्ये खगेन्द्राणां जातिभेदात्फलागमम् ।
बालानां बोधनार्थाय सारं संगृह्य शास्त्रतः ॥ १ ॥

भाषा—अब इसके अनन्तर शास्त्रों से सार निकाल कर बालकों के ज्ञान के लिये ग्रहों के जाति भेद से फल कहता हूँ ॥ १ ॥

अथ ग्रहाणां जातिभेदानाह—

विप्रौ देवेज्यभृगुजौ क्षत्रियौ रविभूमिजौ ।
वैश्यौ निशाकरबुधौ शनिः शूद्रस्तमोऽन्त्यजः ॥ २ ॥

भाषा—इसका अर्थ लघुपाराशरी में स्पष्ट किया गया है ॥ २ ॥

अथ राशीनां विप्रादिविभागमाह—

मीनादयः क्रमादेते विप्रक्षत्रविशोऽङ्घ्रिजाः ।
एतेषां दृष्टियोगाभ्यां फलमाहुर्मनीषिणः ॥ ३ ॥

भाषा—मीन से लेकर क्रम से बारह राशियां ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र, होते हैं। जैसे मीन ब्राह्मण, मेष क्षत्री, वृष वैश्य, मिथुन शूद्र, फिर कर्क ब्राह्मण सिंह क्षत्री इत्यादि इन राशियों के दृष्टि और योग से पण्डितों ने फल कहा है ॥३॥

अथ कारकग्रहानाह—

सूर्यो गुरुः कुजः सोमो गुरुर्ज्ञश्च सितः शनिः ।
गुरुश्चन्द्रेज्यमन्दाश्च क्रमशो भावकारकाः ॥ ४ ॥

भाषा—रवि, गुरु, मङ्गल, सोम, बृहस्पति, बुध, शुक्र, शनि बृहस्पति, सोम, बृहस्पति, और शनि क्रमसे तन्वादि भाव कारक होते हैं ॥

अथ मतान्तरेण तानेवाह—

पिता रविर्मातृकरः शशाङ्को भ्राता बुधार्की भृगुनन्दनश्च ।
भौमः सुतो मित्रग्रहो रविः स्याच्छत्रुग्रहो राहुशनैश्चरौ स्तः ॥५॥

भाषा—रवि पितृकारक, चन्द्रमा मातृकारक, बुध शनि और शुक्र भ्रातृ कारक, मङ्गल पुत्र कारक, रवि मित्र कारक और शत्रुग्रह राहु और शनैश्चर होते हैं ॥ ५ ॥

अथ प्रकारान्तरेण तानेवाह—

पिता रवि र्मातृकरः शशाङ्को भ्राता कुजो मातुलवर्गसौम्यः ।
पुत्रो गुरुर्भार्गवकामिनीशो मित्रो रवी राहुशनी च शत्रू ॥ ६ ॥

भाषा—स्पष्ट है ॥ ६ ॥

अथ सहायकग्रहानाह—

शनिभौमौ पितृक्षेत्रे पक्षा जीवज्ञभार्गवाः ।
मातुर्भावे तु राजानौ रविचन्द्रमसौ स्मृतौ ॥ ७ ॥
भूसूनुर्नायको ज्ञेयो बुधः सूनुः प्रकीर्तितः ।
सचिवौ भृगुजीवौ च दृष्टियोगफलं पृथक् ॥ ८ ॥

भाषा—शनि और मङ्गल पितृ भाव में सहायक होते हैं। मातृभाव में बृहस्पति, बुध और शुक्र सहायक होते हैं। रवि, चन्द्रमा राजा, मङ्गल नायक, बुध कुमार, बृहस्पति और शुक्र मन्त्री हैं। इन सब ग्रहों के दृष्टि योग से अलग २ फल होता है ॥ ७-८ ॥

अथ स्थानविशेषे पितृकारकमाह—

शनिं च मेषे पितरमाहुः कालविदो जनाः ।

ग्रहाणां फलदातृत्वं तत्तत्पाके विनिर्दिशेत् ॥ ९ ॥

भाषा—मेष राशि गत शनि हो तो पितृ कारक होता है। ग्रहों को फल देने की शक्ति उनकी दशा में होती है ॥ ९ ॥

यद्भावेशो यस्य षड्वर्गसंस्थस्तत्तत्पाके द्रव्यलाभो नराणाम्।
यत्तद्रव्यं तस्य खेटस्य विन्द्यात्तत्तद्रव्यं तस्य पाके वदन्ति ॥१०॥

भाषा—जो भावेश जिस ग्रह के षड्वर्ग में स्थित हो उसके दशामें मनुष्यों को द्रव्य लाभ होता है। किस ग्रह के दशा में किस द्रव्य की प्राप्ति होनी चाहिए, इसके लिये कहते है कि जिस ग्रह का जो द्रव्य है उस द्रव्य की प्राप्ति कहना चाहिए ॥ १० ॥

अथ पाकेशस्य ग्रहाणां नवांशगतत्वेन फलमाह—

पाकेशे भास्करांशस्थे भूपान्मानं विनिर्दिशेत्।
अथवा पितृवर्गाद्वा चन्द्रांशान्मातृवर्गतः ॥ ११ ॥

भाषा—दशा के स्वामी रवि के नवांश में स्थित हो तो राजा से मान होता है, अथवा पिता के सम्बन्धी जनों से मान होता है। चन्द्रमा के नवांश में स्थित हो तो मातृ वर्ग से सम्मान होता ॥ है ११ ॥

कुजांशात्पुत्रवर्गेण नायकाद्वा फलं वदेत्।
सौम्यांशाद् भ्रातृवर्गेण राजपुत्रेण वा फलम् ॥ १२ ॥

भाषा—अगर दशा के स्वामी मङ्गल के नवांश में स्थित हो तो पुत्रवर्ग से अथवा सेना नायक से सम्मान होता है। बुध के नवांश में स्थित हो तो भ्रातृ-वर्ग से अथवा राजपुत्र से सम्मान होता है ॥ १२ ॥

गुर्वंशे मातृवर्गांशत्सचिवाद्वा फलं वदत्।
शुक्रांशान्मातृवर्गेण स्त्रीवर्गाद्वाफलं वदेत् ॥ १३ ॥

भाषा—अगर दशा के स्वामी बृहस्पति के नवांश में स्थित हो तो मातृवर्ग या मन्त्री के द्वारा फल कहना चाहिए। शुक्र के नवांश में स्थित हो तो मातृवर्ग या स्त्री वर्ग के द्वारा फल कहना चाहिए ॥ १३ ॥

शन्यंशाच्छूद्रवर्गेण प्रेष्यवर्गात्फलं तथा ।
राहोः फलं शूद्रवर्गात्केचिदाहुर्मनीषिणः ॥ १४ ॥

भाषा—अगर दशा के स्वामी शनि के नवांश में स्थित हो तो शूद्र वर्ग से या भृत्य वर्ग से सम्मान होता है। किसी किसी का मत है कि राहु के नवांश में स्थित दशा के स्वामी शूद्र वर्ग से फल को देता है ॥ १४ ॥

पाके फलं पैतृकं नभवेच्छनिभौमयोः ।
पाके जीवज्ञशुक्राणां मातुलाद् भृत्यवर्गतः ॥ १५ ॥

भाषा—शनि और मङ्गल के दशा में पिता सम्बन्धी फल नहीं होता है। बृहस्पति और शुक्र के दशामें मातुल तथा भृत्यवर्ग से फल नहीं होता है यह किसी का मत है ॥ १५ ॥

दशाविपाके सुरपूजितस्य ब्रह्मत्वतः ब्राह्मणजातिमूलात् ।
अंशानुरूपं फलमाहुरार्याः पादे दशायाश्च वदन्ति धीराः ॥१६॥

भाषा—बृहस्पति के दशा में ब्रह्मत्व से अथवा ब्राह्मण जाति के कारण अंशानुरूप फल को देते हैं। अर्थात् पहला नवांश (३।२०') में रहे तो थोड़ा फल, उस से ज्यादा दूसरा नवांश (६।४०) में एवं ३० अंश से रहे तो पूरा फल देते है ॥ १६ ॥

इति जरिसो निवास्यच्युतानन्दशर्म्मविरचितायां मध्यपारा-
शरीटीकायां षष्ठः परिच्छेदः ।

अथ सप्तमः परिच्छेदः ।

अथ विंशोत्तरीदशाक्रममाह—

फलानि नक्षत्रदशा प्रकारेण विवृणमहे ।
दशा विंशोत्तरी चात्र ग्राह्या नाष्टोत्तरी मता ॥ १ ॥
कृत्तिकार्क्षगणस्तत्र यावजन्मर्क्षगं तथा ।
नवभिश्च हरेद्भागं शेषं तु स्वदशा भवेत् ॥ २ ॥

रवौ रसो विधोः पङ्क्तिर्भौमे सप्त विधुन्तुदे ।
अष्टादश सुराचार्ये षोडशैकोनविंशतिः ॥ ३ ॥
शनौ सप्तदशः सौम्ये केतौ सप्त प्रकीर्तितः ।
नखाः शुक्रस्य विज्ञेया विंशोत्तरशतं मतम् ॥ ४ ॥

भाषा—ये सब श्लोक स्पष्ट हैं ।

अथान्तर्दशानयनमाह—

रव्यादीनां दशा गुण्या त्रिभिः स्वस्वदशाहता ।
घस्राद्यन्तर्दशामानं विंशोत्तरशतात्मके ॥ ५ ॥

भाषा—स्पष्ट है ।

अथ मेषराशौ समुद्भवबालकस्य मारकविचारे विशेषमाह—

मन्दसौम्यसिताः पापाः शुभौ गुरुदिवाकरौ ।
न शुभं योगमात्रेण प्रभवेच्छनिजीवयोः ॥ ६ ॥
परतन्त्रस्य जीवस्य पापकर्मापि निश्चितम् ।
कविः साक्षान्निहन्तास्यान्मारकत्वेन लक्षितः ॥ ७ ॥
मन्दादयो न हन्तारो भवेयुः पापिनो ग्रहाः ।
शुभाशुभफलान्येवं ज्ञातव्यानि क्रियोद्भवे ॥ ८ ॥

भाषा—शनि, बुध और शुक्र पाप ग्रह हैं । बृहस्पति और रवि शुभ ग्रह हैं । अगर बृहस्पति के साथ शनि बैठा हो तो बृहस्पति में भी शुभत्व नहीं रहता है, क्योंकि परतन्त्र होकर बृहस्पति पाप करने वाला होता है, यह निश्चित है । अगर शुक्र मारकेश होतो स्वयं शुक्र मारने वाला होता है । शनि आदि पापी ग्रह मारते नहीं हैं, जिसको मेषराशि में जन्म है, उसको यह फल होता है ।७-८।

अथ वृषोद्भवे विशेषमाह—

जीवशुक्रेन्दवः पापाः शुभौ शनिशशीसुतौ ।
राजयोगकरः साक्षादेक एव रवेः सुतः ॥ ९ ॥

भाषा—बृहस्पति, शुक्र और चन्द्रमा पाप ग्रह हैं, शनि और बुध शुभग्रह हैं। केवल एक शनि राजयोग कारक होता है ॥ ९ ॥

जीवादयो ग्रहाः पापाः सन्ति मारकलक्षणाः ।
बुधैस्तत्र फलान्येवं ज्ञेयानि वृषजन्मनः ॥ १० ॥

भाषा—जीवादि ग्रह (बृहस्पति, शुक्र, चन्द्रमा) मारक ग्रह होते हैं। इस तरह वृष राशि में उत्पन्न बालक का फल पण्डितों को जानना चाहिए ॥ १० ॥

अथ मिथुनोद्भवस्य विशेषतामाह—

भौमजीवारुणाः पापा एक एव कविः शुभः ।
शनैश्चरेण जीवस्य योगो मेषभवो यथा ॥ ११ ॥

भाषा—मङ्गल, बृहस्पति, रवि पाप ग्रह हैं। केवल एक शुक्र शुभ ग्रह है। मेष राशि के लिये जैसे शनि से युत बृहस्पति पापग्रह माना गया है, वैसे यहां पर भी जानना, केवल बृहस्पति पाप नहीं ॥ ११ ॥

नायं शशी निहन्ता स्यात्कारयेत्पापनिष्फलम् ।
ज्ञातव्यानि द्वन्द्वजस्य फलान्येतानि सूरिभिः ॥ १२ ॥

भाषा—चन्द्रमा पाप ग्रह होकर भी कारक नहीं होता है, केवल निष्फल पाप को कराता है। इस तरह मिथुन में उत्पन्न का फल जानना ॥ १२ ॥

अथ कुलीरसम्भवस्य विशेषमाह—

भार्गवेन्दुसुतौ पापौ भूसुताङ्गिरसौ शुभौ ।
एक एव भवेत्साक्षाद् भूसुतो योगकारकः ॥ १३ ॥

भाषा—शुक्र और बुध पाप ग्रह हैं। मङ्गल और बृहस्पति शुभ ग्रह हैं। केवल एक मङ्गल योग कारक होता है ॥ १३ ॥

निहन्ता कविरन्ये तु पापिनो मारकाह्वयाः ।
कुलीरसम्भवस्यैवं फलान्यूह्यानि सूरिभिः ॥ १४ ॥

भाषा—शुक्र मारक होता है। और जो पाप ग्रह हैं, वे भी मारक होते हैं कर्क राशि में उत्पन्न का यह फल जानना ॥ १४ ॥

अथ सिंहोद्भवस्य फलमाह—

रौहिणेयसितौ पापौ कुजजीवौ शुभावहौ ।
प्रभवेद्योगमात्रेण न शुभं कुजशुक्रयोः ॥ १५ ॥

भाषा—रौहिणेय (बुध) और शुक्र पाप ग्रह हैं । मङ्गल और बृहस्पति शुभ ग्रह हैं । अगर शुक्र मङ्गल से युत हो तो शुभ कारक नहीं होता है ॥१५॥

घ्नन्ति सौम्यादयः पापा मारकत्वेन लक्षिताः ।
एवं फलानि वेद्यानि सिंहजस्य मनीषिभिः ॥ १६ ॥

भाषा—अगर मारक बुधादि पाप ग्रह हों तो मारक होते हैं । सिंह राशि में उत्पन्न बालक का फल पण्डितों को इस तरह जानना चाहिए ॥ १६ ॥

अथ कन्योद्भवस्य फलान्याह—

कुजजीवेन्दवः पापा एक एव भृगुः शुभः ।
भार्गवेन्दुसुतावेव भवेतां योगकारकौ ॥ १७ ॥

भाषा—मङ्गल, बृहस्पति और चन्द्रमा पाप ग्रह हैं । केवल एक शुक्र शुभ ग्रह है । शुक्र और बुध निश्चय करके योग कारक होते हैं ॥ १७ ॥

न हन्ता कविरन्ये तु मारकास्ते कुजादयः ।
प्रतीक्ष्येत फलान्येवं कन्याराशिभवस्य हि ॥ १८ ॥

भाषा—शुक्र मारक नहीं होता है । अन्य कुजादि पाप ग्रह मारक होते हैं । कन्या राशि में उत्पन्न बालक का फल की इस तरह प्रतीक्षा करना चाहिए ॥१८॥

अथ तुलोद्भवस्य फलान्याह—

जीवार्कभूसुताः पापाः शनैश्चरबुधौ शुभौ ।
भवेतां राजयोगस्य कारकौ चन्द्रचन्द्रजौ ॥ १९ ॥

भाषा—बृहस्पति, रवि और मङ्गल पाप ग्रह हैं । शनि और बुध शुभ हैं । चन्द्रमा और बुध राजयोग कारक होते हैं ॥ १९ ॥

कुजो न हन्ता जीवाद्याः परे मारकलक्षणाः ।
निहन्तारः फलान्येवं ज्ञातव्यानि तुलाभुवः ॥ २० ॥

भाषा—मङ्गल मारक नहीं होते हैं। और जीवादि पापग्रह मारक होते हैं। इस तरह तुला राशि में उत्पन्न बालक का फल जानना ॥ २० ॥

अथ वृश्चिकजन्मनः फलमाह—

सौम्यभौमसिताः पापाः शुभौ गुरुनिशाकरौ।
सूर्यचन्द्रमसावेव भवेतां योगकारकौ ॥ २१ ॥

भाषा—बुध, मङ्गल और शुक्र पाप ग्रह हैं, बृहस्पति और चन्द्रमा शुभ ग्रह हैं। और सूर्य, चन्द्रमा राजयोगकारक होते हैं ॥ २१ ॥

जीवो न हन्ता सौम्याद्याः परे मारकलक्षणाः।
तत्तत्फलानि विज्ञेयान्येवं वृश्चिकजन्मनः ॥ २२ ॥

भाषा—बृहस्पति मारक नहीं होता, अन्य सौम्यादि पापग्रह मारक होते हैं। इस तरह वृश्चिकोत्पन्न बालक का फल जानना ॥ २२ ॥

अथ धनुर्जन्यफलमाह—

एक एव कविः पापः शुभौ भौमदिवाकरौ।
योगौ भास्करसौम्याभ्यां न तु हन्तांशुमत्सुतः ॥ २३ ॥

भाषा—केवल एक शुक्र पाप ग्रह है। मङ्गल और सूर्य शुभ हैं। सूर्य और बुध राजयोग कारक होते हैं। अंशुमत्सुत (शनि) मारक नहीं होता ॥ २३ ॥

घ्नन्ति शुक्रादयः पापा मारकत्वेन लक्षिताः।
ज्ञातव्यानि फलान्येवं धनुषश्च मनीषिभिः ॥ २४ ॥

भाषा—शुक्र आदि के पाप ग्रह मारक होते हैं, इस तरह धनु का फल पण्डितों को जानना चाहिए ॥ २४ ॥

कुजजीवेन्दवः पापाः शुभौ भार्गवचन्द्रजौ।
स्वयं चैव न हन्ता स्यान्मन्दो भौमादयः परे ॥ २५ ॥
तल्लक्षणा निहन्तारः कविरेकः सुयोगकृत्।
ज्ञातव्यानि फलान्येवं बुधैश्च मृगजन्मनः ॥ २६ ॥

भाषा—मङ्गल, गुरु और चन्द्रमा पाप ग्रह हैं। शुक्र और बुध शुभ ग्रह

हैं। स्व शनि मारक नहीं होता। अन्य भौमादि पाप ग्रह तल्लक्षण (मारक के लक्षण) होने से मारक होते हैं। केवल एक शुक्र योग कारक होता है। इस तरह मकर राशि का फल जानना ॥ २५-२६ ॥

अथ कुम्भजन्मनः फलमाह—

जीवचन्द्रकुजाः पापा एको दैत्यगुरुः शुभः।
राजयोगकरो भौमः कविरेव बृहस्पतिः ॥ २७ ॥
न हन्ता घ्नन्ति भौमाद्या मारकत्वेन लक्षिताः।
एवमेव फलान्यूह्यान्येवं हि घटजन्मनः ॥ २८ ॥

भाषा—बृहस्पति, चन्द्रमा और मङ्गल पापग्रह हैं। केवल एक दैत्यगुरु (शुक्र) शुभ है। मङ्गल और शुक्र राजयोग कारक हैं। बृहस्पति मारक नहीं होता, भौमादि पाप ग्रह (मङ्गल, चन्द्रमा, बृहस्पति) मारकेश होने से मारक होते हैं। इस तरह कुम्भ राशि का फल जानना चाहिए ॥ २७-२८ ॥

अथ मीनजन्मनः फलमाह—

मन्दशुक्रांशुमत्सौम्याः पापा भौमविधू शुभौ।
महीसुतगुरू योगकारकौ नैव भूसुतः ॥ २९ ॥
मारको मारकाभिज्ञौ मन्दज्ञौ घ्नन्ति पापिनौ।
इत्यूह्यानि बुधैस्तत्र फलानि झषजन्मनः ॥ ३० ॥

भाषा—शनि, शुक्र, रवि और बुध पापग्रह हैं। मङ्गल और चन्द्रमा शुभ ग्रह हैं। मङ्गल और बृहस्पति योगकारक होते हैं। मारक लक्षण लक्षित भी मङ्गल मारक नहीं होता। पापी शनि और बुध मारक लक्षण लक्षित होने से मारक होते हैं। इस तरह मीन का फल जानना ॥ २९-३० ॥

अथ मारकविचारेऽस्य शास्त्रस्य विशेषतामाह—

एतच्छास्त्रानुसारेण मारकान्निर्दिशेद् बुधः।
चन्द्रसूर्यौ विना सर्वे मारकाः परिकीर्तिताः ॥ ३१ ॥
स्वदशायां स्वभुक्तौ च नराणां निधनं नहि।

क्वचिद्ध भुक्तौ समिच्छन्ति स्वभुक्तौ न कदाचन ॥ ३२ ॥

भाषा—पण्डित को इस शास्त्र के अनुसार मारक का निश्चय करना चाहिए। चन्द्रमा और मङ्गल को छोड़ कर सब मारक होते हैं। मारक अपनी दशा में नहीं मारता। किन्तु अपनी दशा में किसी अन्य के अन्तर्दशा में मारता है। अपनी अन्तर्दशा में नहीं ॥ ३१-३२ ॥

इति जरिसो निवास्यच्युतानन्दशर्म्मविरचितायां मध्यपाराशरीटीकायां सप्तमः परिच्छेदः ।

अथाष्टमः परिच्छेदः ।

अथ लग्नात्किं विचिन्त्यमित्याह—

लग्नाच्चिन्त्यं मूर्त्तिकीर्तिसाङ्गोपाङ्गनिरूपणम् ।
स्थितिस्वरूपसम्पत्तिर्जन्मलग्नगतं फलम् ॥ १ ॥

भाषा—लग्न से रङ्ग का साङ्गोपाङ्ग निरूपण, कीर्ति का साङ्गोपाङ्ग निरूपण, स्थिति, स्वरूप, सम्पत्ति और जन्मलग्नगत फल का विचार करना चाहिए ॥१॥

अथ धनस्थानात्किं विचिन्त्यमित्याह—

धनं सुखं च भुक्तिं च सत्यं च बहुवक्तृताम् ।
सव्यनेत्रात्पहारश्च धनस्थानाद्विचिन्तयेत् ॥ २ ॥

भाषा—धन, सुख, भोगविशेष, सत्य, बहुत बोलना, दक्षिण नेत्रादि का दूसरे स्थान से विचार करना चाहिए ॥ २ ॥

अथ भ्रातृस्थाने विचारणीयमाह—

भ्रातृकण्ठौ विक्रमश्च क्षुधाभरणपात्रताम् ।
भ्रातृस्थानफलं सर्वं तत्तन्नाम फलं दिशेत् ॥ ३ ॥

भाषा—तीसरे से भाई, कण्ठ, विक्रम, क्षुधा, भूषण, पात्रता, भ्रातृस्थान जन्य सब फल का विचार करना चाहिए ॥ ३ ॥

अथ बन्धुस्थाने विचारणीयमाह—

बन्धुवाहनमातुश्च सिंहासनसुखगृहाः ।
मित्रबाहुरिदं सर्वं बन्धुस्थानाद्विचिन्तयेत् ॥ ४ ॥

भाषा—बन्धु, बाहन, माता, राज्यसुख, गृह, मित्र, बाहु ये सब चौथे भाव से विचारना चाहिए ॥ ४ ॥

अथ पञ्चमभावाद्विचारणीयमाह—

पुत्रो बुद्धिश्च मित्रं च देवताभक्तिरुत्तमा ।
हृदयं मातुलश्चैव सुतस्थानाद्विचिन्तयेत् ॥ ५ ॥

भाषा—पञ्चमस्थान से पुत्र, बुद्धि, मित्र, देवता भक्ति, हृदय, मातुल इनका विचार करना चाहिए ॥ ५ ॥

अथ षष्ठाद्विचारणीयमाह—

रिपुज्ञातिबलं रोगमुदरं शत्रुरेव च ।
षष्ठस्थानमिदं नाम तत्तन्नामफलं दिशेत् ॥ ६ ॥

भाषा—रिपु, ज्ञाति, बल, रोग, उदर, शत्रु, ये सब षष्ठस्थान के नाम है इसलिये इन सबका इससे चिन्तना करना चाहिये ॥ ६ ॥

अथ सप्तमादष्टमाच्च विचारणीयमाह—

कलत्रभोगश्छत्रं च दन्तनाभिश्च रोगवान् ।
गुदं सङ्करके चैव आयुस्थानाद्विचिन्तयेत् ॥ ७ ॥

भाषा—सप्तम से स्त्रीसम्बन्धि भोग, छत्र, दन्त, नाभी, रोग, इन सबोंका विचार करना चाहिये । गुह्यस्थान, जीवन, मरण इन का अष्टम भाव से विचार करना चाहिए ॥ ७ ॥

अथ नवमस्थानाद्दशमाच्चविचारणीयमाह—

भाग्यं तीर्थं च धर्मं च पितृस्थानमिति क्रमात् ।
मानराज्यत्यागकीर्तिः कर्मव्यापारमेव च ॥ ८ ॥

भाषा—नवमभाव से भाग्य, तीर्थ, धर्म, पिता, गुरु इत्यादि का विचार

करना। मान, राज्य, दान, कीर्ति, कर्म, व्यापार इत्यादि का दशम भाव से विचार करना ॥ ८ ॥

अथ लाभाद्द्वादशाच्च विचारणीयमाह—

लाभं च ज्येष्ठभ्रातारं कर्णजङ्घमिति क्रमात्।
रिष्फव्ययं पितृधनं वादयोषादिनामच ॥ ९ ॥

भाषा—लाभ, ज्येष्ठ भाई, कर्ण जङ्घादि का लाभस्थान से विचार करना। व्ययस्थान से व्यय, पितृधन, वादविवाद, योषादि का नाम, इनका विचार करना॥९॥

अथ सजलनिर्जलराशीनाह—

कुंभकर्कटगोमीनमकरालितुलाधराः।
सजला राशयः प्रोक्ता निर्जलाः शेषराशयः ॥१०॥

भाषा—कुम्भ, कर्क, वृष, मीन, मकर, वृश्चिक, और तुल ये सजल राशि हैं। शेष (मेष, मिथुन, सिंह कन्या, धन) ये सब निर्जल हैं ॥ १० ॥

अथ ग्रहविभागमाह—

रविभौमार्कजाः शुष्काः सजलौ चन्द्रभार्गवौ।
बुधवाचस्पती ज्ञेयौ सजलौ जलराशिगौ ॥ ११ ॥

भाषा—रवि, मङ्गल, शनि ये शुष्क (अग्निग्रह) हैं। चन्द्रमा और शुक्र सजलग्रह हैं। बुध और गुरु जल राशि में होने से सजल होते हैं ॥ ११ ॥

सुविदित "दरभङ्गा" ख्ये प्रान्ते पत्रालये "बहेड़ा" ख्ये।
"जरिसो" नाम्ना ख्यातं नगरं भूदेवावलिसंवलितम् ॥
अकरोत्तत्र निवासी श्रीमद् "बलदेव" शर्म्मणस्तनयः।
"श्री अच्युतादिनन्दः" पाराशर्य्यटीकनं हिन्द्याम् ॥

समाप्तेयं मध्यमा पाराशरी।

Printed at the Vidya Vilas Press, Banares. City.

परिचयः

आसीद्विदेहविषयेऽखिललोकदक्षः ।
श्रीकश्यपान्वयभवोऽतिविशुद्धकर्मा ।
झोपाह्व"देवन" इति प्रथितो हि नाम्ना ।
भूमौ समैर्नरवरैरनिशं सुपूज्यः ॥ १ ॥
पुत्रेष्वनेकविधिकौशलगुम्फितेषु
तस्य त्रयः समभवन्सुतरां सुयोग्याः ।
तत्रानुजो निखिललोकनितान्तशान्तः
स्वच्छाशयो द्विजवरो "जयदत्त" संज्ञः ॥ २ ॥
तस्याभवत्सुतकदम्बकसर्वयोग्य-
श्रास्मत्पितामहपिता किल "भाइनाथः" ।
जातो विशुद्धगुणवर्यपितामहो मे
"गोसाँइ" संज्ञ इह शान्तगुणैकमूर्त्तिः ॥ ३ ॥
तस्याभवन्निखिललोकहितैकदक्षाः
पुत्रा विवेकनिपुणा ह्यतिशान्तकान्ताः ।
पञ्चानवद्यगुणसंवलितास्त्वमीषु
सर्वानुजो ममपिता "बलदेव" नामा ॥ ४ ॥
भूमौ सुरेन्द्र इव सर्वनरैः प्रतीक्ष्यः
शान्तः सदा प्रचुरदैवविदामग्रगण्यः ।
कारुण्यपूतहृदयः परिपन्थिहीनः
आमर्षलोभरहितोऽतिविनीतवेषः ॥ ५ ॥
तत्तनया विविधधियः सप्तमिता लोकलोचनानन्दाः ।
ज्येष्ठस्तेषु सुहृदयः श्रीमान् "रघुवंश" नामास्ति ॥ ६ ॥
सर्वं गृहभारं ह्या-दायामुष्मै पिता गतः स्वर्गम् ।
वसुपञ्चनागचन्द्रे (१८५८) शाकेऽङ्कतिथौ नभः शुचौ चन्द्रे ॥ ७ ॥
तस्यानुजोऽल्पधिषणोऽयमच्युतानन्दनामाहम् ।
नेत्रारिनागचन्द्रे (१८६२) शाकेऽङ्कतिथौ मधोः शुचौ चन्द्रे ॥ ८ ॥
बोधं गुरुभ्य आप्य "श्रीगेनालाल" संज्ञभ्यः ।
काश्यामकार्षमस्य ग्रन्थस्य मनोहरीं टीकाम् ॥ ९ ॥

जातकपारिजातः (सचित्रः)

सोपपत्तिक-'सुधाशालिनी' 'विमला' संस्कृत-हिन्दीटीकाद्वयोपेतः।

हमारे योग्य सम्पादक ने उपर्युक्त टीकाओं से ग्रन्थ के परीक्षोपयोगी सभी विषयों को स्पष्ट करके अपनी अद्भुत कल्पना द्वारा नवीन २ उपपत्ति संकेत तथा नाना प्रकार के चक्र एवं चित्र देकर सभी मार्मिक गूढ विषयों को स्पष्ट कर दिया है। परीक्षा में यही संस्करण विशेष रूप से लाभदायक सिद्ध हुआ है।

अभिनव द्वितीय सुलभ संस्करण १०) उत्तम संस्करण १२)

मुहूर्तचिन्तामणिः—मणिप्रभा टीका

पीयूषधारा तथा प्रमिताक्षरा के अपेक्षित अंशों से परिपूर्ण-मणिप्रभा विस्तृत-भाषाटीका, वक्तव्य (नोट्स) सहितः

इस संस्करण में ग्रन्थ के प्रत्येक मर्मस्थलों को शुद्ध हिन्दी भाषा में इस तरह व्यक्त किया गया है कि जिसे देख कर सर्व साधारण भी ग्रन्थ के अभिप्राय को भली भांति समझ सकेंगे। प्रत्येक श्लोकों के अन्वय के बाद शुद्ध हिन्दी में उनके अर्थ, उपपत्ति, उदाहरण तथा और भी विशेष उल्लेख किये गये हैं। यह कहना अत्युक्ति नहीं होगा कि इस संस्करणमें 'पीयूषधारा' और 'प्रमिताक्षरा' के अपेक्षित आवश्यक अंशोंका भी यथा स्थान सन्निवेश कर दिया गया है। [ह. १८५] ३)

मुहूर्तमार्तण्डः—मार्तण्डप्रकाशिका टीका

सान्वय-मार्तण्डप्रकाशिका-व्याख्योपपत्ति-भाषोदाहरण विभूषितः।

यह अति सरल परीक्षोपयोगी संस्करण विद्यार्थियों के लिये प्रकाशित किया गया है। जिन विषयों को पढ़ लेने पर भी छात्र यथार्थ ज्ञान से विमुख रहते थे वे सब स्थल व्याख्या उदाहरण आदि से स्पष्ट कर दिए गए हैं जो आज तक किसी भी अन्य संस्करण में नहीं छपे हैं। [का. १४६] ३)

वास्तुरत्नावली

सोदाहरण-सुबोधिनी संस्कृत हिन्दी टीकाद्वय सहिता।

यह संस्करण परीक्षार्थी विद्यार्थियों के लाभ के हेतु सरल संस्कृत हिन्दी टीका तथा उदाहरणों से सुशोभित कर प्रकाशित किया गया है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि इस टीका को एकबार भी अवलोकन करने से विद्यार्थी परीक्षा में उत्तम रूप से सफलता प्राप्त कर सकते हैं २॥)

प्राप्तिस्थानम्—चौखम्बा-संस्कृत-पुस्तकालय, बनारस